# SARTHI

Center for Empowerment of Person with Specially Able People

## A UNIT OF: LAKHDATAR FOUNDATION

## 4th Annual Report
## FY 2021-22





**Registered Address**

A-114, Jawahar Nagar, Ratlam Dist. Ratlam (MP) 457001

Office Address: A-85, Jawahar Nagar, Ratlam Dist. Ratlam (MP) 457001

Indore Office Address: Vaishnav Special School for Edu. & VT, 72/2, Nagin Nagar, Indore MP

Contact: 9981479661, 8871531986, 7000081463

Email – sarthiratlam@gmail.com, lakhdatarfoundation@gmail.com

Facebook Page : https://www.facebook.com/sarthiratlam

Facebook : https://www.facebook.com/RatlamSarthi


# SARTHI

Center for Empowerment of Person with Specially Able People

Annual Report FY 2021-22

## INDEX


| Sr. No. | Content | Page No. |
|---|---|---|
| 1. | Executive Summary | 1 |
| 2. | Pillars of SARTHI | 3 |
| 3. | Achievement of our Special Need Children | 4 |
| 4. | Mission, Vision & Objectives | 5 |
| 5. | At a glance | 6 |
| 6. | Serving with SARTHI | 7 |
| 7. | Work done by the SARTHI during the year | 8 |
| 8. | Visit under CBID Training | 10 |
| 9. | Future Plans | 11 |

## Executive Summary



आप सभी को मेरा सादर नमस्कार, लखदातार फाउंडेशन के चतुर्थ वार्षिक सेवा संकल्प यात्रा में मैं आपका हार्दिक स्वागत करता हूँ | आप सभी के सहयोग से हम संस्था लखदातार फाउंडेशन की स्थायी परियोजना सारथी के चार वर्ष पूर्ण कर पाँचवे वर्ष में प्रवेश कर चुके है चार वर्षों की यह यात्रा आप सभी के निःस्वार्थ सहयोग और विश्वास से ही संभव हो सकी है |

वर्ष 2021-22 में संस्था द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर दिव्यांगजनों को सेवा कार्यों के माध्यम से लाभान्वित किया गया | जैसा की आप सभी को विदित है की वर्ष 20-21 में कोरोना संक्रमण की प्रथम और द्वितीय लहर का दृढ़ता से सामना कर प्रभावित परिवारों के पुनर्वास एवं कोरोना बचाव टीकाकरण अभियान में हम सभी ने प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष योगदान कर पुनः सभी स्थगित गतिविधियों को प्रारंभ किया | इसी प्रकार स्थानीय स्तर पर दिव्यांगजनों को गुणवत्तापूर्ण पुनर्वास सुविधा प्रदाय किये करने हेतु संस्था सचिव स्वाती सोलंकी के नेतृत्व में सारथी की टीम द्वारा आप सभी के सहयोग से उनका पुनर्वास एवं सशक्तिकरण का कार्य बिना रूके सक्रीय रूप से किया जा रहा है, जिसके फलस्वरूप वर्ष 2021-22 में राष्ट्रीय न्यास की निरामय स्वास्थ्य बीमा योजना में 62 दिव्यांगों को 5,21,861 रूपये के क्लेम की राशि स्वीकृत कर लाभान्वित किया गया |

दिव्यांगजन कल्याणार्थ विभिन्न सेवा गतिविधियों में संस्था सहयोगियों, दानदाताओं, परिवार NCPO, संस्था के सम्मानीय सदस्यगण, सारथी के अभिभावकगण, कर्मचारी एवं वे सभी सम्मानीय सहयोगी जिन्होंने हमें प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष सहयोग कर सेवा कार्यों के लिए हमें प्रोत्साहित किया मैं आप सभी के इस सहयोग की अनुमोदन करता हूँ, हमें आपका सहयोग यूहीं मिलता रहे इसी आशा ओर विश्वास के साथ आप सभी के प्रति आत्मीय आभार व्यक्त करता हूँ

विपिन जैन
अध्यक्ष
सारथी रतलाम म.प्र.

## Massage from the Founder



लखदातार फाउंडेशन के वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन के चतुर्थ संस्करण के में मैं आपका हार्दिक स्वागत करती हूँ | संस्था लखदातार फाउंडेशन की स्थायी परियोजना सारथी परिवार द्वारा दिव्यांगजनों को मुख्यधारा में सक्रीय योगदान को सुनिश्चित करने हेतु दृष्टि दिव्यांग स्व. श्री शांतिलाल सोलंकी दादाजी की स्मृति में उनकी 25वीं पुण्यतिथि पर लखदातार फाउंडेशन की स्थापना कर सारथी परियोजना की शुरूआत की |

संस्था लखदातार फाउंडेशन की स्थायी परियोजना सारथी द्वारा विगत चार वर्षों से पीड़ित मानवता, निराश्रितों, दिव्यांग व्यक्तियों के पुनर्वास हेतु विभिन्न सेवा कार्यों के माध्यम से उन्हें मुख्यधारा में शामिल कर आत्मनिर्माण भारत में दिव्यांगजनों के योगदान को सुनिश्चित कर ने का प्रयास किया जा रहा है | जिसके तहत सारथी परिवार के सदस्यों, सहयोगियों, दानदाताओं, अभिभावकों एवं दिव्यांगजनों सभी के संयुक्त योगदान से वर्ष भर में 981 दिव्यांगजनों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत लाभान्वित किया है |

सारथी के इस सेवा प्रकल्प में आप सभी के साथ की अपेक्षा करते हुए मैं आपसे अनुरोध करती हूँ की आप भी इस कल्याणकारी कार्य में अपना प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष सहयोग प्रदान कर जरुरतमंद व दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण हेतु आपना अमूल्य सहयोग प्रदान कर सकते है इस हेतु हम आपको आत्मीयता से आमंत्रित करते है | सारथी के वार्षिक प्रतिवेदन के लिए आपने हमें समय देकर हमारा हौंसला बढाया आपके इस सहयोग हेतु हम सदैव आपके आभारी रहेंगे |

स्वाती सोलंकी
संस्थापक, सचिव
सारथी रतलाम म.प्र.

## Pillars of SARTHI



Mr. Vipin Jain
President



Ms. Swati Solanki
Secretary



Mrs. Manasi Vyas
Treasurer



Smt. Nirmala Rathore
Vice President



Mr. S. N. Panchal
Jt. Secretary



Mr. Deepak Kumar
Member




Mr. Shivnarayan Patidar
Member



कोरोना संक्रमण के बाद स्थगित क्षेत्रीय भ्रमण कार्य के दौरान राष्ट्रीय न्यास की लीगल गार्जियनशिप योजना के तहत दिव्यांग रविन्द्र कुंठे एवं परिवार जनों के चर्चा करते हुए निरीक्षक दल के सदस्य

## Achievement of our Special Need Children

**माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी** के आह्वान पर आत्मनिर्भर भारत अभियान में दिव्यांगजनों की भागीदारी को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संस्था सारथी के बौद्धिक दिव्यांग बच्चों द्वारा कोरोना 19 लॉकडाउन के द्वितीय चरण की अवधि में गृह आधारित कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत 22 बौद्धिक दिव्यांग बच्चों ने दीपावली पर्व के लिए कलात्मक मिट्टी के दीपकों को तैयार किया | बौद्धिक दिव्यांग बच्चों की कला को राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति मिले इस हेतु संस्था द्वारा बच्चों के द्वारा तैयार दीपक महामहिम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री जी, मुख्यमंत्री जी, माननीय राज्यपाल एवं मंत्री जी को शुभकामना संदेश सहित भेंजे गए थे जिसे प्राप्त होने पर माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा बच्चों एवं इस कार्य में सम्मिलित व्यक्तियों का उत्साहवर्धन कर समृद्धि की कामना संदेश दिया | हम माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा प्राप्त शुभकामनाओं के लिए आपका आत्मीय आभार व्यक्त करते है |



प्रधान मंत्री
Prime Minister

नई दिल्ली
अग्रहायण 01, शक संवत् 1943
22 नवम्बर, 2021

सुश्री स्वाती सोलंकी जी,

आपका,

(नरेन्द्र मोदी)

सुश्री स्वाती सोलंकी
ए-114, जवाहर नगर
जिला- रतलाम
मध्य प्रदेश



दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम एवं शासकीय योजनाओं के विषय पर आधारित दो दिवसीय राष्ट्रीय स्तरीय कार्यशाला में तत्कालीन केन्द्रीय मंत्री डॉ. थावरचन्द गेहलोत एवं सदस्य सचिव सुबोध कुमार जी के करकमलों से सहभागिता प्रमाण पत्र प्राप्त करते हुए संस्थापक स्वाती सोलंकी जी

## VISION

दिव्यांगजनों को समान अधिकार, समान अवसर और पूर्ण भागीदारी प्रदान करना।

To provide equal rights, equal opportunities and full participation to persons with dis-abilities.

## MISSION

दिव्यांगजनों को बिना भेदभाव के समावेशी शिक्षा, चिकित्सा, समान अधिकार, समान अवसर एवं पूर्ण भागीदारी के लिए समावेशी विकास की परिकल्पना को साकार कर समुदाय आधारित समावेशी समाज का निर्माण करना।

To build a community based inclusive society by realizing the vision of inclusive development for inclusive education, helath, equal rights, equal opportunities and full participation for persons with disabilities without discrimination.

## OBJECTIVES

विकलांग व्यक्तियों को अपने समुदाय के भीतर और जितना संभव हो सके स्वतंत्र रूप से और पूरी तरह से जीने के लिए सक्षम और सशक्त बनाना।

To enable and empower persons with disability to live as independently and as fully as possible within and as close to their community as possible.

समान अवसरों की प्राप्ति, अधिकारों की सुरक्षा और दिव्यांगों की पूर्ण भागीदारी की सुविधा के लिए।

To facilitate the realization of equal opportunities, protection of rights and full participation of persons with disability.

दिव्यांगजनों के पुनर्वास हेतु विशेष विद्यालय, थैरेपी सेण्टर, वोकेशनल ट्रेनिंग सेण्टर, शिघ्र हस्तक्षेप केंद्र, आवासीय एवं गैर आवासीय कार्यक्रम संचालित करना।

To conduct special schools, therapy centers, vocational training centers, early intervention centers, residential and non-residential programs for the rehabilitation of persons with disabilities.

केंद्र एवं राज्य सरकार के सहयोग से दिव्यांगजन के कार्यक्रमों में सहयोग करना एवं उन्हें संचालित करना।

To cooperate and run programs for the welfare of PwDs in collaboration with the Central and State Governments.

## Activity at a Glance

भारत के 372 शहरों में 10 लाख से कम आबादी में 42वें स्थान पर आनेवाला शहर रतलाम ("रत्नपुरी" कीमती रत्नों का शहर) अति प्राचीन शहर होकर मध्यप्रदेश के पश्चिमी भाग में स्थित होकर मध्यप्रदेश के मालवा क्षेत्र का एक जिला है। जिसके अंतर्गत 6 जनपद एवं 8 तहसील की लगभग 17 लाख से अधिक जनसँख्या निवास करती है। रतलाम शहर में जिला मुख्यालय एवं रेल्वे का मंडल मुख्यालय होने से यहाँ सभी प्रकार की सुविधा उपलब्ध है वही यदि राष्ट्रीय न्यास की दिव्यांगता से सम्बंधित पुनर्वास सुविधा की बात करें तो रतलाम शहर में बौद्धिक दिव्यांग, ऑटिज्म, सीपी एवं बहुदिव्यांगों के लिए केंद्र आधारित कोई सुविधा नहीं थी।

बौद्धिक दिव्यांगों के सर्वांगीण समावेशी विकास और सशक्तिकरण के संकल्प के साथ रतलाम इंटक मजदूर संघ के वरिष्ठ कार्यकर्त्ता स्वर्गीय श्री शांतिलाल सोलंकी जी की स्मृति में उनकी 25 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर संस्थापक एवं विशेष शिक्षक स्वाती सोलंकी द्वारा 26 जुलाई 2018 को सारथी परियोजना की नींव रखी गई जिसे 05 मार्च 2019 को मध्यप्रदेश सोसायटी अधिनियम 1973 में लखदातार फाउंडेशन के नाम से पंजीबद्ध कराया गया।

संस्थापक एवं विशेष शिक्षक स्वाती सोलंकी द्वारा लखदातार फाउंडेशन की स्थायी परियोजना सारथी सेण्टर फॉर एम्पावरमेंट ऑफ़ स्पेशली एबल पीपल कार्यक्रम को 4 बौद्धिक दिव्यांग बच्चों व एक कक्ष से शुरू इस कार्यक्रम में 18 माह से 22 वर्ष की आयु के 41 बौद्धिक एवं बहुदिव्यांग बच्चों को निःशुल्क विशेष शिक्षा, ऑक्युपेशनल थेरेपी, फिजियोथेरेपी, वोकेशनल ट्रेनिंग, सेल्फ एडवोकेसी एवं परामर्श सुविधा विशेषज्ञों द्वारा नियमित रूप से प्रदान की जा रही है।

संस्था के सामुदाय आधारित पुनर्वास कार्यक्रम के तहत जिले के 36 हजार से अधिक दिव्यांगजनों को केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं में एकल खिड़की कार्यक्रम के माध्यम से लाभान्वित किया जाने का लक्ष्य रखा है जिसके तहत इस वर्ष 992 दिव्यांगों को लाभान्वित किया जा चुका है।







## Serving with SARTHI

लखदातार फाउंडेशन की स्थायी परियोजना सारथी द्वारा वर्ष 2021-22 में दिव्यांगजन कल्याणार्थ मध्यप्रदेश के रतलाम, झाबुआ, इंदौर, अलीराजपुर, नीमच, उज्जैन, खण्डवा, खरगोन एवं धार जिले के दिव्यांगजनों को केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं एवं संस्था की केंद्र आधारित पुनर्वास सुविधा के तहत निम्नलिखित कार्यक्रम संचालित किए जा रहे है |

1. शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र
2. सारथी सेण्टर फॉर एम्पावरमेंट ऑफ़ स्पेशली एबल पीपल विशेष शिक्षा केंद्र
3. दिव्यांगजन एवं अभिभावक परामर्श कार्यक्रम
4. ऑक्युपेशनल थेरेपी, फिजियोथेरेपी कार्यक्रम
5. वोकेशनल ट्रेनिंग एवं सेल्फ एडवोकेसी कार्यक्रम
6. सामुदाय आधारित पुनर्वास कार्यक्रम
7. केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं हेतु एकल खिड़की कार्यक्रम

**योजनावार लाभान्वित हितग्राहियों की जानकारी**

| क्र. | वर्ष | विवरण | हितग्राहियों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | 2020-21 | नवीन दिव्यांगजनों का चयन | 116 |
| 2. | 2020-21 | बैंक खाते खुलवाए | 49 |
| 3. | 2020-21 | दिव्यांगता प्रमाण पत्र | 67 |
| 4. | 2020-21 | यूडीआईडी कार्ड | 141 |
| 5. | 2020-21 | बौद्धिक एवं बहुविकलांग दिव्यांगजनों को आर्थिक सहायता | 58 |
| 6. | 2020-21 | नि:शक्तजनों को समग्र सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना | 43 |
| 7. | 2020-21 | निरामय स्वास्थ्य बीमा पंजीयन एवं नवीनीकरण | 183 |
| 8. | 2020-21 | निरामय योजना के तहत दावा स्वीकृत | 62 (5,21,861 Rs.) |
| 9. | 2020-21 | लीगल गार्जियनशिप | 5 |
| 10. | 2020-21 | कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण | 38 |
| 11. | 2020-21 | सेल्फ एडवोकेसी प्रशिक्षण | 30 |
| 12. | 2020-21 | दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन राशि | 11 |
| 13. | 2020-21 | परामर्श, थेरेपी, विशेष शिक्षा एवं वोकेशनल ट्रेनिंग | 189 |
| | | **कुल लाभार्थियों की संख्या** | 992 |

## Work done by the SARTHI during the year





बौद्धिक दिव्यांगों के कल्याणार्थ कार्यरत लखदातार फाउंडेशन, संस्था सारथी विशेष विद्यालय अर्ली इंटरवेंशन डे केयर सेंटर एवं नि:शक्त व्यक्ति अभीभावक संघ जबलपुर के संयुक्त तत्वावधान में विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर साप्ताहिक सेवा प्रकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया गया | कार्यक्रम में जिले के बौद्धिक एवं बहुदिव्यांगों के लिए अन्तर्राष्ट्रीय थीम सतत, समावेशी, सुगम्य विश्व में दिव्यांगजनों की भागीदारी एवं नेतृत्व को स्थानीय समुदाय स्तर सुनिश्चित करने की दृष्टि से जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया | इस अवसर पर संस्था द्वारा अभिभावकों को दिव्यांगजनों हेतु संचालित केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 में वर्णित अधिकारों, बौद्धिक दिव्यांगों हेतु राष्ट्रीय न्यास एवं परिवार राष्ट्रीय अभिभावक संघ NCPO के कार्यक्रमों की जानकारी प्रदान की गई | कार्यक्रम में केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के उपक्रम राष्ट्रीय न्यास के बोर्ड मेम्बर श्री अभय दुबे अभय कुमार दुबे, भारतीय पुनर्वास परिषद् से पंजीकृत पुनर्वास विशेषज्ञ एवं संस्था सारथी की सचिव स्वाती सोलंकी, अभिभावक संघ रतलाम के श्री शिवनारायण पांचाल ने ग्रामीण आंचलों के दिव्यांगजनों की समस्या पर चर्चा कर उन्हें हर संभव मदद कर लाभान्वित करने की बात कही | समग्र सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लंबित प्रकरणों के भौतिक सत्यापन को स्थानीय स्तर पर शिविरों के माध्यम से किये जाने हेतु ग्राम सचिवों को निर्देशित किया | विकासखण्ड आलोट के ग्राम निपानियालीला के बौद्धिक दिव्यांग बालक अशोक पाटीदार, पुष्कर पाटीदार, अभिषेक धोबी, सोना पाटीदार को अतिथ्यों द्वारा जिलाधीश श्री पुरुषोत्तम कुमार के हस्ताक्षर से जारी क़ानूनी संरक्षकदाता नियुक्ति प्रमाण पत्र वितरित किए | इस अवसर पर बड़ी संख्या में दिव्यांगजन, उनके अभिभावक एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे |



## Work done by the SARTHI during the year



राष्ट्रीय न्यास की लीगल गार्जियनशिप योजना के तहत रतलाम जिलाधीश द्वारा गठित दल के सदस्यों ने सारथी के सदस्यों के साथ बहुदिव्यांग ओमप्रकाश शर्मा से चर्चा करते हुए



कोरोना से बचाव हेतु टीकाकरण अभियान के तहत बौद्धिक दिव्यांगों को टीका लगवाने के लिए जागरूक कर कोरोना से बचाव के गुर सिखाए



उज्जैन । केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग एवं संस्था स्नेह के संयुक्त तत्वावधान में 3 दिवसीय क्षेत्रीय प्रदर्शनी कार्यक्रम कालिदास अकादमी उज्जैन में आयोजित किया गया था । क्षेत्रीय स्तरीय प्रदर्शनी में मध्यप्रदेश प्रदेश, छत्तीसगढ़ और गुजरात की 26 संस्थाओं ने शामिल होकर दिव्यांगजनों द्वारा तैयार उत्पादों का विक्रय एवं प्रचार प्रसार किया । प्रदर्शनी का शुभारंभ लायन क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 G2 के वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन अजय गुप्ता, सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग उज्जैन के कार्यक्रम के संयुक्त संचालक सिद्दीकी जी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, सीआरसी भोपाल के श्री कुसुम कुमार वर्मा, लायन डॉ. सतिंदर कौर सलूजा जी, लायन संजय सक्सेना, स्नेह के उपनिदेशक महेशचंद्र राठौड़ द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा प्रदर्शनी का अवलोकन कर दिव्यांगों द्वारा तैयार उत्पादों को अधिक मात्रा में क्रय करने का आह्वान किया।



प्रदर्शनी के दूसरे दिन बौद्धिक दिव्यांग बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जिसमें उज्जैन के सेवाधाम आश्रम, मनोविकास विशेष विद्यालय, प्रेमसागर स्पेशल स्कूल, स्नेह नागदा एवं शासकीय श्रवण एवं दृष्टि विद्यालय मालनवासा के बच्चों द्वारा शानदार प्रस्तुतियां देकर खूब तालियां बटोरी।

स्नेह स्वावलंबन प्रदर्शनी में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए संस्था आस्था ग्राम सोसायटी, ब्रह्मर्षि नरसिंगपुर, लखदातार फाउंडेशन अभिभावक संघ की संस्थापक स्वाति सोलंकी के निर्देशन में सारथी के बौद्धिक दिव्यांग एवं श्रवण दिव्यांग बच्चों द्वारा तैयार मोतियों की बंधनवार एवं झूमर, आकांक्षा विशेष विद्यालय छत्तीसगढ़ द्वारा तैयार कलात्मक मिट्टी के बर्तन, दिग्दर्शिका भोपाल द्वारा तैयार उत्पाद आदि आकर्षण का केंद्र रहें । 3 दिवसीय क्षेत्रीय प्रदर्शनी में शामिल सभी संस्था प्रतिनिधियों को प्रदर्शनी के समापन अवसर पर प्रमाणपत्र भेंट कर पुरस्कृत किया गया।

## Visit under CBID Training



बौद्धिक दिव्यांगजनों को स्वास्थ्य सुविधा हेतु आर्थिक सहायता हेतु राष्ट्रीय न्यास नई दिल्ली द्वारा देश की सर्वश्रेष्ठ निरामय स्वास्थ्य बीमा पालिसी का घर घर जाकर वितरण कर अभिभावकों को योजना की विस्तृत जानकारी प्रदान की पालिसी वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ उप संचालक सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण रतलाम श्री चौहान एवं DDRC के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. आनंद जी के करकमलों से किया गया।

कोरोना लॉकडाउन के चलते उज्जैन में आयोजित सर्वधर्म सामूहिक दिव्यांग विवाह में संस्था सारथी के द्वारा तैयार कर वधु को उपहार स्वरूप ग्रस्ती का आवश्यक समान दानदाताओं के सहयोग से प्राप्त कर उनके घर तक पंहुचाते सारथी के सहयोगी श्री भावसिंग निनामा जी एवं सामग्री पा कर मुस्कुराते हुए दिव्यांग नवयुगल।





भारतीय पुनर्वास परिषद एवं मेलबोर्न विश्वविद्यालय द्वारा दिव्यांगजनों के स्थानीय स्तर पर समावेशी विकास कार्यक्रमों के संचालन हेतु तैयार CBID प्रशिक्षण कार्यक्रम में सहभागिता की।

## Future Plans

संस्था लखदातार फाउंडेशन द्वारा दिव्यांगजन सशक्तिकरण के क्षेत्र में भविष्य में निम्न कार्यक्रमों को सफलतम रूप में किये जाने की योजना बनाई गई है |

1. बौद्धिक दिव्यांगों के अभिभावकों के राष्ट्रीय संघ से पंजीकृत होकर NCPO एवं सारथी के लक्ष्यों को संयुक्त रूप से प्राप्त करने हेतु सक्रीय रूप में कार्य करना |

2. बौद्धिक दिव्यांग, ऑटिज्म, सीपी एवं बहुदिव्यांगों के कल्याणार्थ राष्ट्रीय न्यास द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं को स्थानीय स्तर पर क्रियान्वित करना एवं राष्ट्रीय न्यास से पंजीकृत होकर क्षेत्र के दिव्यांगजनों को लाभान्वित करना |

3. केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, राष्ट्रीय दिव्यांगजन वित्त विकास निगम, भारतीय पुनर्वास परिषद् आदि द्वारा संचालित कार्यक्रमों को स्थानीय स्तर पर संपादित करना |

4. संस्था के सहयोगियों के माध्यम से दिव्यांगजनों के सथानीय एवं सामुदायिक आधारित समावेशी विकास कार्यक्रमों के सक्रीय क्रियान्वयन हेतु संस्था की अन्य शाखाओं का विस्तार करना |

5. भारतीय पुनर्वास परिषद् द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों के संचालन हेतु मानव संसाधन विकास केन्द्रों की स्थापना करना |

6. संस्था के स्वयं के भवन हेतु दानदाताओं को जोड़ना एवं स्थानीय स्तर पर दिव्यांगजनों के समावेशी सशक्तिकरण हेतु स्थायी व्यवस्था करना |